अनुक्रमांक ..............................

कूट सं. : 820161.1-$SA_2$(M)

कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में कुल 18 प्रश्न हैं और कुल 8 मुद्रित पृष्ठ हैं।

कक्षा - आठवीं

# हिंदी

(संकलनात्मक मूल्यांकन - II)

निर्धारित समय : 3 घंटे | अधिकतम अंक : 90

**सामान्य निर्देश :**

1. इस प्रश्नपत्र के दो खंड हैं - खंड 'क' और खंड 'ख'।
2. दोनों खंड अनिवार्य हैं।
3. प्रश्नों के सभी उपभागों के उत्तर क्रमशः एक साथ लिखिए।
4. उत्तर-पुस्तिका में उत्तर के साथ वही क्रम संख्या लिखिए जो प्रश्नपत्र में दी गई है।

## खण्ड - 'क'

1. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए - 1×5=5

कबीर ने समाज में रहकर समाज का बड़े समीप से निरीक्षण किया। समाज में फैले बाह्याडंबर, भेदभाव, साम्प्रदायिकता आदि का पुष्ट-प्रमाण लेकर ऐसा दृढ़ विरोध किया कि किसी की हिम्मत नहीं हुई जो उनके आकाट्य तर्कों को काट सके। कबीर का व्यक्तित्व इतना ऊँचा था कि उनके सामने टिक सकने की हिम्मत किसी में नहीं थी। उन्होंने समाज तथा धर्म की बुराइयों को निकालकर सबके सामने रखा। ऊँचा नाम रखकर संसार को ठगने वालों के नकली चेहरों को सबके सामने उजागर किया और कमजोरों को ऊपर उठाने का उपदेश देकर सबके सामने एक महान आदर्श प्रस्तुत किया। कर्म, सेवा, अहिंसा तथा निर्गुण मार्ग का प्रसार किया। कर्मकाण्ड तथा मूर्तिपूजा का विरोध किया। अपनी साखियों द्वारा समाज के लिए एक विशाल ज्ञानमार्ग खोला। उन्होंने कथनी-करनी की

एकता पर बल दिया। कबीर एक महान युगदृष्टा, समाज सुधारक तथा महान कवि थे।

(क) कबीर की साखियाँ क्यों महत्वपूर्ण हैं?

(ख) कबीर ने किसका दृढ़ विरोध किया?

(ग) कबीर द्‌वारा प्रस्तुत आदर्श क्या था?

(घ) कबीर के साम्प्रदायिकता विरोधी तर्क अकाट्‌य क्यों थे?

(ङ) संत कबीर ने किस मार्ग का प्रसार किया?

2. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर दीजिए – 1×5=5

और पैरों के तले है एक पोखर
उठ रही इसमें लहरियाँ
नील जल में जो उगी है घास भूरी,
ले रही वह भी लहरियाँ।
एक चाँदी का बड़ा सा गोल खंभा
आँख को है चमकाता।
हैं कई पत्थर किनारे,
पी रहे चुपचाप पानी,
प्यास जाने कब बुझेगी।
चुप खड़ा बगुला,
डुबोए टाँग जल में,
देखते ही मीन चंचल–
ध्यान निद्रा त्यागता है
चट दबाकर चोंच में –
नीचे गले के डालता है।

(क) पोखर में क्या उठ रही है?

(i) कलियाँ (ii) प्यास

(iii) लहरें (iv) मछलियाँ

(ख) जल में उगी घास का रंग कौन सा है?

(i) नीला | (ii) भूरा
(iii) हरा | (iv) पीला

(ग) बगुला चुप क्यों है?

(i) ध्यानमग्न होने के कारण | (ii) उदासी के कारण
(iii) सुस्ती के कारण | (iv) भक्ति के कारण

(घ) बगुले की ध्यान निद्रा कब टूटती है?

(i) तूफान आने पर | (ii) लहरें उठने पर
(iii) शोर होने पर | (iv) मछली देखकर

(ङ) बगुला मछली को क्या करता है?

(i) बचाता है | (ii) किनारे पर लाकर रख देता है
(iii) खा जाता है | (iv) पकड़ कर छोड़ देता है

3. (क) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> की संधि कीजिए। 1

1. जगत्+ईश 2. सम्+मोहन

(ख) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> शब्द का संधि-विच्छेद कीजिए। 1

1. अहंकार 2. तल्लीन

4. निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> शब्द से भाववाचक संज्ञा बनाइए। 1

1. युवक 2. उड़ना

5. (क) निम्नलिखित शब्दों में से किन्हीं <u>दो शब्दों</u> के दो-दो पर्यायवाची शब्द लिखिए - 1+1

1. रात 2. जल
3. उपहार

(ख) निम्नलिखित शब्द का विलोम शब्द लिखिए - 1

सद्‌भावना

(ग) निम्नलिखित वाक्यांश के लिए एक शब्द लिखिए - 1

अनुकरण करने योग्य

6. (क) (1) अर्थ के आधार पर वाक्य भेद बताइए। 1+1

काश! सभी सपने सच हो जाते।

(2) निम्नलिखित वाक्य को संदेहबोधक वाक्य में बदलिए।

कल बारिश होगी।

(ख) (1) रचना के आधार पर वाक्य भेद बताइए। 1+1

बेटी वाला समझकर ही आप मेरा अपमान कर रहे हैं।

(2) निम्नलिखित वाक्य को मिश्रित वाक्य में बदलिए।

छुट्टी हुई और बच्चे घर चले गए।

7. (क) निम्नलिखित समस्त पदों का विग्रह कर समास का नाम लिखिए। 1+1

1. पीतांबर 2. यथाविधि

(ख) निम्नलिखित विग्रह से समस्त पद बनाकर समास का नाम लिखिए। 1

प्राणों के समान प्रिय

8. (क) निम्नलिखित में से किसी <u>एक</u> मुहावरे का अर्थ लिखकर वाक्य में प्रयोग कीजिए। 1+1

1. नाक वाला होना 2. काम तमाम कर देना

(ख) उचित मुहावरे द्वारा रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए। 1

मनुष्य के जीवन में हर अच्छा-बुरा समय ...................... है।

9. 'श्लेष' अथवा 'उत्प्रेक्षा' अलंकार की परिभाषा उदाहरण सहित स्पष्ट कीजिए। 3

10. विद्यालय में खेलकूद की सामग्री की समुचित व्यवस्था करने हेतु प्रधानाचार्य / प्रधानाचार्या को प्रार्थना पत्र लिखिए। 5

**<u>अथवा</u>**


दूरदर्शन पर दिखाए जाने वाले कार्यक्रमों के विषय में सुझाव देते हुए दूरदर्शन निदेशक को पत्र लिखिए।

11. निम्नलिखित विषयों में से किसी <u>एक</u> विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनुच्छेद लिखिए। 5

(क) बालश्रम : सामाजिक अभिशाप (ख) विज्ञान और पर्यावरण

(ग) राष्ट्रीय पर्वों का महत्त्व

12. निम्नलिखित चित्र को देखकर मन में उत्पन्न भावों को 50-60 शब्दों में लिखिए - 5



13. आपके शहर में वायु प्रदूषण की समस्या बढ़ रही है। लोगों को सावधानी बरतने का सुझाव देते हुए एक आकर्षक विज्ञापन तैयार कीजिए। 5

**खण्ड - 'ख'**

14. निम्नलिखित काव्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए - 2+2+1=5

मैया कबहिं बढ़ैगी चोटी।
किती बार मोहिं दूध पिवत भई यह अजहूँ है छोटी।।
तू तो कहति बल की बैनी ज्यों ह्वै है लांबी मोटी।
काढ़त गुहत न्हवावत ओछत नागिनि-सी भुई लोटी।।
काचो दूध पिवावति पचि-पचि देति न माखन रोटी।
सूर स्याम चिरजीवौ दोउ भैया हरि-हलधर की जोटी।।

(क) श्रीकृष्ण यशोदा मैया से क्या शिकायत कर रहे हैं?

(ख) 'बल' शब्द का प्रयोग किसके लिए किया है? उनकी चोटी कैसी है?

(ग) 'बैनी' शब्द का क्या अर्थ है?

15. निम्नलिखित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 1+2+2=5

बातचीत करते समय हमें ध्यान रखना चाहिए कि हम अपने से अधिक महत्त्व उस व्यक्ति को दें जिससे हम बातचीत कर रहे हैं। हम दूसरों की सुख-सुविधा, रूचि-अरूचि, विचारों, सिद्धान्तों, भावनाओं और मान-सम्मान का पूरा-पूरा ध्यान रखें। उनकी पसंद के प्रति रुचि दिखाते हुए अपने विचार व्यक्त करें। बिना सोचे-समझे जल्दी में कुछ भी बोलना बातचीत के सिद्धान्त के विरूद्ध है। यदि बातचीत की कला में निपुण व्यक्तियों में वृद्धि हो जाए तो समाज तथा परिवारों में पनप रही कटुता, असहिष्णुता, वैमनस्यता जैसे सामाजिक रोगों का अन्त हो जाए और राष्ट्रीय एकता में पड़ी दरारें पट जाएँ।

(क) बातचीत में अधिक महत्त्व किसे देना चाहिए?

(ख) राष्ट्रीय एकता में पड़ी दरारें कैसे पट सकती हैं?

(ग) बातचीत करते समय हमें किन-किन बातों का ध्यान रखना चाहिए?

16. निम्नलिखित में से किन्हीं <u>छः</u> प्रश्नों के उत्तर लिखिए। 2×6=12

(क) लेखक की माँ ने लेखक को श्रीधर के साथ बाहर जाने से क्यों रोका?

(ख) श्रीराम राजू कौन था? उसने आदिवासियों को किसके बारे में बताया?

(ग) 'सूर और तुलसी के पद' पाठ में माताओं का हृदय किन क्रियाओं से प्रसन्न हो जाता है?

(घ) बातचीत की कला में निपुण बनने के लिए क्या-क्या करना चाहिए?

(ङ) दहेज के लेन-देन की गलत प्रथा के लिए आप किसे जिम्मेदार मानते हैं? क्या आप इसे समाप्त करने का तरीका सुझा सकते हैं?

(च) फ्लोरा किसके संरक्षण में अपने बच्चों को छोड़कर आश्वस्त रहती थी और क्यों?

(छ) आश्रम में कद्दू की सब्ज़ी कैसे बनाई जाती थी?

17. निम्नलिखित में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर 50-60 शब्दों में लिखिए। 3×4=12

(क) गर्मी में बड़े घरों के कुत्तों और आम आदमी को प्राप्त सुविधाओं की तुलना कीजिए।

(ख) राजेश्वरी ने जीवनलाल को क्या समझाया?

(ग) गाँधी जी विदेशी सामान का प्रयोग न करने के पक्ष में क्यों थे?

(घ) सोना की मृत्यु कैसे हुई?

(ङ) अपने देश के इतिहास में कोया आदिवासियों ने अन्याय के खिलाफ लड़ने की मिसाल कैसे स्थापित की?

18. निम्नलिखित प्रश्नों के सही विकल्प छाँटकर लिखिए - 1×6=6

(क) किस कला से मनुष्य को सर्वाधिक लाभ हो सकता है? 'बातचीत की कला' पाठ के आधार पर बताइए।

(i) पाककला से (ii) बातचीत से

(iii) यात्रा से (iv) व्यवसाय से

(ख) बेस्टीयन कौन था?

(i) तहसीलदार (ii) कमांडर

(iii) आदिवासी नेता (iv) हवलदार

(ग) गाँधी जी के भतीजे कौन थे?

(i) छगनलाल जोशी (ii) मदनलाल

(iii) श्रीहरि भाई (iv) मनोहर दीवान

(घ) जीवनलाल की पत्नी का नाम क्या था?

(i) सीता (ii) बिमला

(iii) गौरी (iv) राजेश्वरी

(ङ) लेखिका बद्रीनाथ की यात्रा पर किसे साथ ले गई?

(i) गोधूली को (ii) फ्लोरा को

(iii) सोना को (iv) हेमंत-बसंत को

(च) दोपहरी कविता में चिड़िया कहाँ छिपती थी?

(i) घोंसले में (ii) पेड़ पर

(iii) खपरैलों के नीचे (iv) पत्तों के नीचे